**NEWS CLIPPING:10.12.2023**

# AAJ SAMAJ

## विकसित भारत-2047 सेमिनार में नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर चर्चा करेंगे सुशील कुमार तोमर

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर विकसित भारत के विज? के रूप नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर पैनल चर्चा में प्रमुख भागीदार के रूप में हिस्सा लेंगे। चर्चा का आयोजन 11 दिसंबर, 2023 को चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार के दौरान किया जाएगा। सेमिनार का आयोजन विकसित भारत-2047 युवाओं की आवाज परामर्श कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत-2047 विचार पोर्टल के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के कुलपतियों और उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को संबोधित करेंगे। हरियाणा के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और प्रोफेसर चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर विकसित भारत-2047 से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही, राज्य भर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षक और छात्र अपने-अपने संस्थानों में कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च कार्यक्रम के बाद, एक राज्य-स्तरीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ पैनल चर्चा करेंगे। कार्यक्रम को हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय भी संबोधित करेंगे। पैनल चर्चा में विकसित भारत के दृष्टिकोण से जुड़े छह महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिसमें सुशासन और सुरक्षा, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संपन्न और सतत अर्थव्यवस्था, सशक्त भारतीय, विश्व में भारत (वैश्विक) और विचारों के योगदान के लिए युवाओं के साथ जुड़ाव इत्यादि शामिल है। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर, अन्य प्रतिष्ठित प्रोफेसरों के साथ, विकसित भारत के दृष्टिकोण पर पैनल चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम विकसित भारत-2047 में उल्लिखित प्रगतिशील दृष्टिकोण के प्रति अकादमिक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए अकादमिक समुदाय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**NEWS CLIPPING:10.12.2023**

## AMAR UJALA

# पीएम की वीडियो कांफ्रेंसिंग चर्चा में शामिल होंगे जेसी बोस के कुलपति

संवाद न्यूज एजेंसी

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर सोमवार को चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में हिस्सा लेंगे। इसमें विकसित भारत-2047: युवाओं की आवाज पर चर्चा की जाएगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के कुलपतियों और उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करेंगे।

## विकसित भारत-2047 युवाओं की आवाज पर होगी चर्चा

विकसित भारत-2047 से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चा का आयोजन किया जाएगा। राज्य भर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षक और छात्र कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, एक राज्य-स्तरीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। जिसमें शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ पैनल चर्चा करेंगे। कार्यक्रम को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी संबोधित करेंगे।

**NEWS CLIPPING:10.12.2023**

# DANIKI JAGRAN

## विकसित भारत-2047 पर 11 को सेमिनार

जासं, फरीदाबाद : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाइएमसीए के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने बताया कि भारत के विजन के अनुरूप नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर पैनल चर्चा में संस्थान प्रमुख रूप से शामिल होंगे। इसके तहत 11 दिसंबर को हरियाणा राजभवन की तरफ से राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार का आयोजन "विकसित भारत-2047 : युवाओं की आवाज" परामर्श कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत-2047 विचार पोर्टल उद्घाटन के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री वीडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से देशभर के कुलपतियों और उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी संबोधित करेंगे। पैनल चर्चा में विकसित भारत दृष्टिकोण से जुड़े छह महत्वपूर्ण विषय सुशासन और सुरक्षा, नवाचार, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, संपन्न व सतत अर्थव्यवस्था, सशक्त भारतीय, विश्व में भारत (वैश्विक) और विचारों के योगदान के लिए युवाओं के साथ जुड़ाव इत्यादि शामिल है।

**NEWS CLIPPING:10.12.2023**

# NAVBHARAT TIMES

# इनोवेशन व साइंस पर चर्चा करेंगे कुलपति

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर विकसित भारत के विजन के रूप इनोवेशन, साइंस व टेक्नोलॉजी पर पैनल चर्चा में प्रमुख भागीदार के रूप में हिस्सा लेंगे। चर्चा का आयोजन 11 दिसंबर को चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन की तरफ से आयोजित राज्यस्तरीय सेमिनार के दौरान किया जाएगा। सेमिनार का आयोजन विकसित भारत-2047: युवाओं की आवाज परामर्श कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विकसित भारत-2047 विचार पोर्टल के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री इस पोर्टल का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देशभर के कुलपतियों व उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी संबोधित करेंगे। जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर विकसित भारत के दृष्टिकोण पर पैनल चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे।

**NEWS CLIPPING:10.12.2023**

# PUNJAB KESARI

## विकसित भारत-2047 सेमिनार में नवाचार, विज्ञान पर चर्चा करेंगे कुलपति

**■ सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और प्रोफेसर कार्यक्रम में लेंगे भाग**

फरीदाबाद, 9 दिसम्बर (सूरजमल): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर विकसित भारत के विजन के रूप नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर पैनल चर्चा में प्रमुख भागीदार के रूप में हिस्सा लेंगे।

चर्चा का आयोजन 11 दिसम्बर को चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार के दौरान किया जाएगा। सेमिनार का आयोजन विकसित भारत-2047 युवाओं की आवाज परामर्श कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत-2047 विचार पोर्टल के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के कुलपतियों और उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को संबोधित करेंगे।

हरियाणा के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और प्रोफेसर चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर विकसित भारत-2047 से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही, राज्य भर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षक और छात्र अपने-अपने संस्थानों में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च कार्यक्रम के बाद, एक राज्य-स्तरीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ पैनल चर्चा करेंगे। कार्यक्रम को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी संबोधित करेंगे।

पैनल चर्चा में विकसित भारत के दृष्टिकोण से जुड़े छह महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिसमें सुशासन और सुरक्षा, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संपन्न और सतत अर्थव्यवस्था, सशक्त भारतीय, विश्व में भारत (वैश्विक) और विचारों के योगदान के लिए युवाओं के साथ जुड़ाव इत्यादि शामिल है।

**NEWS CLIPPING:10.12.2023**

# SATYAJAY TIMES

# प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11 को कुलपतियों को करेंगे संबोधित

**फरीदाबाद, 09 दिसंबर, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर विकसित भारत के विजन के रूप नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर पैनल चर्चा में प्रमुख भागीदार के रूप में हिस्सा लेंगे। चर्चा का आयोजन 11 दिसंबर को चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार के दौरान किया जाएगा। सेमिनार का आयोजन "विकसित भारत-2047: युवाओं की आवाज" परामर्श कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत-2047 विचार पोर्टल के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के कुलपतियों और उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को संबोधित करेंगे। हरियाणा के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और प्रोफेसर चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर विकसित भारत-2047 से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही, राज्य भर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षक और छात्र अपने-अपने संस्थानों में कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च कार्यक्रम के बाद, एक राज्य-स्तरीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ पैनल चर्चा करेंगे। कार्यक्रम को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी संबोधित करेंगे। पैनल चर्चा में विकसित भारत के दृष्टिकोण से जुड़े छह महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिसमें सुशासन और सुरक्षा, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संपन्न और सतत अर्थव्यवस्था, सशक्त भारतीय, विश्व में भारत (वैश्विक) और विचारों के योगदान के लिए युवाओं के साथ जुड़ाव इत्यादि शामिल है।

**NEWS CLIPPING:10.12.2023**

# PIONEER

## विकसित भारत-2047 सेमिनार में नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर चर्चा करेंगे कुलपति

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर विकसित भारत के विजन के रूप नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर पैनल चर्चा में प्रमुख भागीदार के रूप में हिस्सा लेंगे। चर्चा का आयोजन 11 दिसंबर को चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार के दौरान किया जाएगा। सेमिनार का आयोजन विकसित भारत-2047 युवाओं की आवाज परामर्श कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत-2047 विचार पोर्टल के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के कुलपतियों और उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को संबोधित करेंगे। हरियाणा के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और प्रोफेसर चंडीगढ़ में हरियाणा राजभवन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।